**शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0),**
**अपर आमवाला, देहरादून**
**(उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद) के अन्तर्गत प्रारम्भ**
**उत्तराखण्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एविियेशन टेक्नोलॉजी (यू0आई0ए0टी0) देहरादून**
(उत्तराखण्ड सरकार का स्व–वित्त पोषित एयरक्राफ्ट मेंटीनेन्स इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान)

# AIRCRAFT MAINTENANCE ENGINEERING

**(APPROVED BY DGCA, New Delhi)**

# ए.एम.ई. विवरण पुस्तिका

# (AME INFORMATION BROCHURE)

## for

# ए.एम.ई. प्रवेश परीक्षा –2024

## (AME Entrance Examination -2024)

**ऑनलाइन आवेदन की तिथियाँ**

दिनांक 19 मार्च 2024 से दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक

**ऑफलाइन(ओ० एम० आर०) आवेदन की तिथियाँ**

दिनांक 19 मार्च 2024 से 20 अप्रैल 2024 तक

शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान अपर आमवाला देहरादून में उपलब्ध

**आवेदन के लिए वेबसाइट (Website)**

**www.ubterjeep.co.in, www.ubter.in**

# शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून उत्तराखंड
# (उत्तराखंड इंस्टिट्यूट ऑफ़ एविएशन टेक्नोलॉजी)

शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0) देहरादून, उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद) द्वारा हैरिटेज एवियेशन प्रा0 लि0 के सहयोग से संचालित एवं नागर विमानन निदेशालय (डी0जी0सी0ए0), नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित **'एयरक्राफ्ट मेंटीनेन्स इंजीनियरिंग'** प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **(DGCA Approval No. IND.147B.002001)** सत्र 2024–25 से प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित करता है। डी0जी0सी0ए0, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित उक्त **'एयरक्राफ्ट मेंटीनेन्स इंजीनियरिंग'** प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आगामी वर्षों में उड्डयन क्षेत्र की असीम सम्भावनाओं के दृष्टिगत 100 प्रतिशत रोजगार प्रदान करने की क्षमता से युक्त है। पाठ्यक्रम से सम्बंधित अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.uiat.in से प्राप्त की जा सकती है।

## ए0एम0ई0 प्रवेश परीक्षा – 2024

## ए0एम0ई0 विवरण पुस्तिका (AME INFORMATION BROCHURE)

- **आनलाईन/ऑफलाईन ओ0एम0आर0 आवेदन एवं परीक्षा शुल्क**

  **1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए – ₹ 500.00**
  **2. अन्य सभी वर्गों के लिए – ₹ 800.00**

- अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट www.ubter.in एवं www.ubterjeep.co.in पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक **19 मार्च 2024 से दिनांक 30 अप्रैल 2024** तक कर सकते हैं।

- ऑफ लाईन ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र दिनांक **19 मार्च 2024 से 20 अप्रैल 2024** के मध्य उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी उक्त तिथियों में आवेदन पत्र क्रय कर दिनांक 20 अप्रैल 2024 तक संस्थान में स्वयं जमा कर सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पश्चात पंजीकृत डाक के माध्यम से ''संयुक्त सचिव, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, अपर आमवाला देहरादून–248001'' में जमा कर सकते हैं।

- आनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## पाठ्यक्रमों की सूची

| BRANCH CODE | BRANCH NAME | SEATS |
|---|---|---|
| B 1.3 | HELICOPTER TURBINES | 30 |
| B 2 | AVIONICS | 30 |

**परीक्षा कार्यक्रमः** प्रवेश परीक्षा की तिथि आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के उपरान्त विज्ञापन के माध्यम से समाचार पत्रों एवं वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेंगी।

- **आयु :** प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थियों के लिये आयु सीमा का कोई प्रतिबन्ध नहीं है।
- **स्वास्थ्य :** प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थियों की शारीरिक स्वस्थता जांच के लिये न्यूनतम मानक निम्नवत होंगेः–
  - **शारीरिक स्वस्थता जॉच–** प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा उसके शरीर में ऐसी कोई कमी नहीं होनी चाहिए जिसके फलस्वरूप वह प्रोफेशन

का कार्य दक्षता से सम्पन्न न कर सके। प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश लेने से पूर्व राजकीय चिकित्सालय द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## ➢ प्रवेश हेतु पाठ्यक्रम का नाम, कोड, अवधि, शैक्षिक अर्हता, परीक्षा–विषय तथा प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का प्रतिशत :–

| पाठ्यक्रम ग्रुप | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि | न्यूनतम शैक्षिक अर्हता | परीक्षा विषय एवं पाठ्यक्रम | |
|---|---|---|---|---|---|
| AME | 'एयरक्राफ्ट मेंटीनेन्स इंजीनियरिंग'<br>**B1.3**<br>**(Helicopter Turbines)**<br>एवं<br>**B2** **(Avionics)** | तीन वर्षीय | मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषय के साथ 10+2 परीक्षा (विज्ञान शैक्षणिक स्ट्रीम) में उत्तीर्ण। **अथवा,** प्राविधिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से ऐरोनॉटिकल / मैकेनिकल / इलैक्ट्रिकल / इलैक्ट्रॉनिक्स / इलैक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजी0 में डिप्लोमा उत्तीर्ण। | गणित–<br>भौतिकी–<br>रसायन–<br>सामान्य इंजी0–<br>(विद्युत, इलेक्ट्रानिक्स, यांत्रिक) | 25%<br>25%<br>25%<br>25% |

**नोट :–**

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम विशेष के लिए न्यूनतम अर्हता के लिए निर्धारित पाठ्यचर्या के अन्तर्गत होगी।

## ➢चयन एवं काउंसिलिंग सम्बन्धी नियमः–

- **मेरिट सूची :** पाठ्यक्रम का आवंटन मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा, मेरिट सूची में अभ्यर्थी का मेरिट क्रम प्राप्तांकों के आधार पर होगा। एक से अधिक अभ्यर्थियों के उक्त प्राप्तांकों का योग यदि समान होता है तो उस स्थिति में प्रत्येक अभ्यर्थी की पारस्परिक मेरिट की अवधारणा प्रथमतः सम्बन्धित अभ्यर्थियों के जन्म तिथि के आधार पर मेरिट निर्धारित की जायेगी। इसके उपरान्त भी यदि मेरिट क्रमांक की अवधारणा न हो तो सम्बन्धित अभ्यर्थियों के गणित, भौतिक, रसायन, अथवा प्राविधिक विषय, जैसी भी स्थिति के अंकों के आधार पर मेरिट निर्धारित की जायेगी और अन्त में यदि उक्त सभी विकल्पों के बावजूद मेरिट निर्धारित नहीं हो पाती तो सम्बन्धित अभ्यर्थियों का मेरिट क्रम अकाउंटेबल मैनेजर द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
- **परीक्षाफल / मेरिट सूची की घोषणा :** **AME**–2024 के परीक्षाफल एवं रैंक की घोषणा वेबसाइट में प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र परीक्षा होने से संस्था में प्रवेश होने तक अपने पास सुरक्षित रखें।
- **काउंसिलिंग :** काउंसिलिंग की तिथियां व समय समाचार पत्रों एवं परिषद् की वेब साईट पर प्रकाशित की जायेगी। इसके लिए अभ्यर्थी को अलग से कोई सूचना **(Call Letter)** नहीं भेजी जायेगी।
- परीक्षाफल प्रकाशन से पूर्व अथवा बाद में जब भी आवश्यक हो संस्थान के पास प्रत्येक पाठ्यक्रमों की सीटों में कमी, बढ़ोत्तरी अथवा उनके संबन्ध में अन्य कोई भी परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
- परिषद् द्वारा डी0जी0सी0ए0, नई दिल्ली से अनुमोदित पाठ्यक्रमों एवं अनुमोदित प्रवेश क्षमता के अनुसार ही काउंसिलिंग संपन्न की जायेगी।
- **प्रवेश पत्र :** प्रवेश पत्र प्रवेश परीक्षा की तिथि के 15 दिन पूर्व, परिषद् की वेबसाईट पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी को चाहिए कि वह प्रवेश–पत्र पर अंकित प्रविष्टियाँ भली–भाँति चेक कर लें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आनलाईन ही त्रुटि का सुधार संभव होगा।

- प्रवेश परीक्षा–2024 में चयनित अभ्यर्थियों का चयन केवल शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिये है। यह चयन किसी भी दशा में अगले सत्र के लिये मान्य नहीं होगा।

**प्रवेश परीक्षा केन्द्र / शहर –** परीक्षा केन्द्र / शहर निम्नवत हैं:–

| शहर का नाम | कोड |
|---|---|
| देहरादून | 12 |

## ➢ अन्य आवश्यक निर्देश:–

- **"प्रवेश परीक्षा –2024"** में सम्मिलित होने से अभ्यर्थी उन सभी नियमों, प्रतिबन्धों से आबद्ध हो जाता है जो इस विवरण–पुस्तिका में विभिन्न स्थानों पर दिये गये हैं या जिन्हें समय–समय पर परिषद् या राज्य सरकार परिवर्तित करे या लागू करे।
- यदि किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत सूचना प्रवेश से पूर्व / प्रवेश के समय या भविष्य में असत्य पायी जाती है तो अभ्यर्थी का अभ्यर्थन / प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- इस विवरण–पुस्तिका में दिये गये विवरण अभ्यर्थियों के सूचनार्थ तथा निर्देशार्थ है। अतः इसका उपयोग वर्णित कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य के लिये मान्य नहीं होगा। वाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र देहरादून में स्थित न्यायालय ही मान्य है। परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में परिषद् का निर्णय अन्तिम होगा तथा वे परिषद् के निर्देश मानने हेतु बाध्य होंगे।
- अभ्यर्थी का चयन केवल इस वर्ष के लिये ही किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश (अघोषित परीक्षाफल, अपूर्ण परीक्षाफल, पूरक परीक्षा, अंकतालिका न मिलने, टी.सी. न मिलने, अन्य वाँछित प्रमाण–पत्र न प्रस्तुत कर पाने आदि।) प्रवेश की तिथि तक सभी वाँछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर प्रवेश नहीं ले पाता है, तो उसका चयन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा और इसका उत्तरदायित्व संस्थान पर नहीं होगा तथा उसे अगले वर्ष प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
- इस विवरण–पुस्तिका के अतिरिक्त परिषद् द्वारा अथवा उसकी ओर से अन्य किसी भी संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन / गाइडेन्स हेतु किसी प्रकार का कोई प्रकाशन नहीं किया गया है। यदि कोई संस्थान / परिषद् के नाम का दुरुपयोग करता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।
- अभ्यर्थी को चाहिये कि ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व विवरण–पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन कर लें। ऑनलाईन फार्म का प्रिन्ट आउट परिषद् में भेजने की आवश्यकता नहीं है।

**पठन–पाठन की व्यवस्था :**

- ➢ उड्डयन ( एविएशन) के क्षेत्र में हो रहे बहुआयामी विकास के कारण प्रशिक्षण के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों के अनुरूप ए0एम0ई0 के पाठ्यक्रमों में शिक्षण–प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है।
- ➢ तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुरूप साज–सज्जा, आधुनिक मशीनों तथा प्रशिक्षण व्यवस्था का सुदृढीकरण, उद्योगोन्मुखी एवं रोजगारपरक नवीन पाठ्यक्रमों की आधारभूत संरचना।
- ➢ छात्रों के लिए छात्रावास, पुस्तकालय एवं वाचनालय की सुविधा भी उपलब्ध है।

**संस्थाओं में रैगिंग से सम्बन्धित नियम :** माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में रैगिंग किया जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। जिसके लिये प्रत्येक वर्ष एन्टी रैगिंग स्क्वायड की नियुक्ति किया जाना अनिवार्य है।

## शुल्क ढांचा (FEE STRUCTURE)

पाठ्यक्रम शुल्क से सम्बंधित विस्तृत जानकारी शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0) देहरादून कार्यालय में एडमिशन इन्चार्ज श्री अभिषेक सिंह–8077678787(मो0न0) व श्री सचिन कुमार–6398610229 (मो0न0) से प्राप्त की जा सकती है।

# ।। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निर्देश।।

(1) आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भरना एक महत्वपूर्ण कार्य है। अभ्यर्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आदि को सावधानी पूर्वक पढ़कर ही आवेदन पत्र भरें, क्योंकि आनलाईन फार्म में सनिरीक्षा कठिन होती है। साईबर कैफे से आवेदन भरने वाले अभ्यर्थी शुल्क जमा करने से पूर्व अपना आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक पढें। आवेदन पत्र जमा (Submit) करने के बाद आवेदन पत्र में किसी भी प्रविष्टि को संशोधित नहीं किया जायेगा।

(2) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि **सभी प्रकार के पूर्ण ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को नियत समय तक अभ्यर्थी को "ONLINE APPLICATION" प्रक्रिया में "Register Now" बटन को "Click" करना अनिवार्य है। तत्पश्चात नियत अवधि तक परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card/Credit Card के माध्यम से जमा करना है। परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा फोटो, हस्ताक्षर एवं अन्य सभी जानकारी अपलोड करने के उपरान्त ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।**

(3) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन की प्रिन्टआउट प्रति भविष्य में परिषद् से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक उपयोग/साक्ष्य हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

(4) परिषद् द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत तथ्यों का प्रकटीकरण जिनका वैध प्रमाण–पत्रों के आधार पर पुष्टि न हो या फर्जी प्रमाण पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण सम्बन्धी) के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थियों को परिषद् की समस्त परीक्षाओं से अधिकतम् 03 वर्षो के लिए प्रतिवारित कर दिया जायेगा साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है।

(5) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नही होगा कि उसका अभ्यर्थन परिषद् द्वारा अंतिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नही था तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

(6) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन में की गयी प्रविष्टियों यथा अर्हता, आयु एवं परीक्षा केन्द्र या अन्य किसी बिन्दु पर किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(7) ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन को सही–सही भरें। परिषद् में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दिए जाने के उपरान्त मूल आवेदन में दर्शाए गए विवरणों/प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।

(8) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि उससे पर्याप्त समय पूर्व ही अपना ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

(9) ऑफलाईन ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, अपर आमवाला देहरादून–248001 में उपलब्ध है।

**एकाउंटेबल मैनेजर,**
**उत्तराखण्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एवियेशन टेक्नोलॉजी (यू0आई0ए0टी0)**
**शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान,**
**अपर आमवाला, देहरादून**